# सबका विकास हमारा संकल्प, हर वादा पूरा करेंगे

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**भोपाल, 28 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम जगदीशपुर में स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का 126वां एपिसोड श्रवण करते हुए कहा कि उनकी सरकार किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के समग्र विकास के लिए कई मिशन चला रही है.**



मुख्यमंत्री ने कहा, सबका विकास हमारा संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए हम हर वादा निभाएंगे. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई और अपील की कि वे अपने जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करें. उन्होंने कहा कि नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे त्यौहारों में सिर्फ स्वदेशी और भारत निर्मित वस्तुएं ही खरीदें. इस पहल से न केवल हर घर में त्यौहार की खुशी बढ़ेगी, बल्कि सूक्ष्म, लघु, मध्यम और कुटीर उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा.

मुख्यमंत्री ने किसानों को भावांतर योजना के लिए 5 से 25 अक्टूबर तक पंजीयन कराने का निर्देश दिया. योजना के तहत 1 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक बेची गई सोयाबीन की फसल पर समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल से कम मिलने पर अंतर राशि सरकार द्वारा किसानों को प्रदान की जाएगी. डॉ. यादव ने पहली बार ग्राम जगदीशपुर का दौरा कर गोंडवाना साम्राज्य के ऐतिहासिक चमन महल का अवलोकन किया और स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया. स्टॉल में मिट्टी के दिए, तवे, कुल्हड़, मटके और अन्य पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित थे. मुख्यमंत्री ने स्वयं मिट्टी के दिए और तवे खरीदे और स्टॉल स्वामियों को नगद भुगतान भी किया.

> कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तीन महिलाओं—विजयमाला, गीता बाई और फूलवती बाई—को 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत पौधा देकर सम्मानित किया. उन्होंने स्वयं चमन महल परिसर में कदम्ब का पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाई. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का भी श्रवण किया गया. प्रधानमंत्री ने त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और 'वोकल फॉर लोकल' के सिद्धांत को अपनाने की अपील की. उन्होंने खादी की बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र किया और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती पर कम से कम एक खादी वस्त्र खरीदने का संकल्प लेने को कहा. कार्यक्रम में बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नोरंग सिंह गुर्जर और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और अन्य नागरिक भी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से हमारे कारीगर और शिल्पकार प्रोत्साहित होंगे, उनकी आजीविका सुरक्षित होगी और त्यौहारों का उल्लास हर घर में बसा रहेगा. उन्होंने सभी को पर्यावरण अनुकूल और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की प्रेरणा दी.

# मऊगंज तहसीलदार बीके पटेल को किया निलंबित

**▸ आमजनों से अभद्रता अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री**

**भोपाल, 28 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनता के साथ संवेदना, सहानुभूति और मददगार के रूप में व्यवहार करना लोक सेवक का प्रथम कर्तव्य है. लोक सेवकों द्वारा आमजनों से अभद्रता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी.**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मऊगंज जिले के प्रभारी तहसीलदार बी.के. पटेल को आमजन से अभद्र व्यवहार और अशिष्ट भाषा का प्रयोग करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के संदर्भ में की गई है, जिसमें तहसीलदार पटेल ग्राम गनिगवां, बूढ़र देवतालाब तहसील में अशोभनीय व्यवहार करते दिखाई दिए. जानकारी के अनुसार, ग्रामीण ने भूमि संबंधी शिकायत पर तहसीलदार से जवाब मांगा था. इस दौरान बहस बढ़ गई और पटेल आपा खो बैठे. आरोप है कि उन्होंने कुर्सी पर बैठे-बैठे अभद्र भाषा का प्रयोग किया और ग्रामीण को धमकाने की कोशिश की. ग्रामीणों ने इस पूरे मामले को मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मऊगंज तय किया है.

कलेक्टर मऊगंज को निर्देश दिए गए हैं कि तहसीलदार के खिलाफ लगे आरोपों की विस्तृत जांच रिपोर्ट सात दिनों में प्रस्तुत की जाए.

# स्वदेशी अभियान के बढ़ावे से भारत बनेगा सशक्त

## कला उत्सव मेले में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**भोपाल, 28 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है. स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से जहां एक ओर हमारा पैसा हमारे देश में रहेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को उनके उत्पाद का लाभ मिलेगा.**



उन्होंने कहा कि रीवा में गत 5 वर्षों से आयोजित हो रहे कला उत्सव में स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है जिससे यह आयोजन न सिर्फ शॉपिंग फेस्टिवल है बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है जो शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भी आह्वान है कि स्वदेशी अपनाओ राष्ट्र भक्त कहलाओ. लक्ष्मी एजुकेशन एवं ट्रेनिंग समिति द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में कला उत्सव मेले में ड्रेस, ज्वेलरी, होमडेकोर, गिफ्टस एवं हस्तशिल्प आदि वस्तुएं प्रदर्शित की गई. इस आयोजन के माध्यम से 100 से अधिक महिला उद्यमियों, कलाकारों व कारीगारों को आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक पहचान मिली. संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि गत 5 वर्षों में इस आयोजन ने रीवा सहित पूरे विन्ध्य में अपनी पहचान बनाई है. सचिव सोनाली श्रीवास्तव ने बताया कि इस चैरिटेवल एग्जिविशन से प्राप्त आय अंकुर पाठशाला के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की नि:शुल्क शिक्षा पर खर्च की जायेगी. सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वच्छ भारत, स्वच्छ रीवा अभियान के तहत कला उत्सव का आयोजन का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण व स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देना है. अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे.

> नवरात्रि के पावन पर्व पर रीवा में आयोजित चुनरी यात्रा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शामिल हुए. अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा द्वारा जनकल्याण एवं धार्मिक सदभाव के उद्देश्य से 51 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा कोठी कम्पाउंड के शंकर जी के मंदिर से प्रारंभ होकर रानी तालाब में मां कालिका के मंदिर में समाप्त हुई. यात्रा में शामिल भक्तों ने मां जगत जननी के चरणों में सामूहिक रूप से चुनरी अर्पित की. इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की तथा कन्या पूजन किया.

# 26 आईएएस- एसएएस अधिकारियों का तबादला

**▸ आईएएस- एसएएस को जिलों में मिली नई जिम्मेदारी**

**भोपाल, 28 सितम्बर. मध्यप्रदेश सरकार ने लंबे इंतजार के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं.**

जारी आदेश में 18 आईएएस और 8 एसएएस अफसरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. कई अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ के साथ-साथ अपर कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. सरकार ने मंत्रालय और विभागों में पदस्थ कुछ अफसरों को सीधे जिलों में भेजकर अहम जिम्मेदारी दी है. आदेश के अनुसार सतना जिला पंचायत सीईओ संजना जैन को अपर कलेक्टर मैहर बनाया गया. संस्कृति विभाग के उप सचिव जगदीश कुमार गोमे को सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली पदस्थ किया गया.

### प्रमुख बदलाव

**सतना**- संजना जैन अपर कलेक्टर मैहर
**सिंगरौली**- जगदीश कुमार गोमे सीईओ जिला पंचायत
**कटनी**- हरसिमरन प्रीत कौर सीईओ जिला पंचायत
**हरदा**- अंजली जोसेफ सीईओ जिला पंचायत
**ग्वालियर**- सोजान सिंह रावत सीईओ जिला पंचायत
**खंडवा**- सृष्टि देशमुख गौड़ा अपर कलेक्टर
**निधि सिंह**- अपर श्रम आयुक्त
**नर्मदापुरम**- हिमांशु जैन जिला पंचायत सीईओ

### अन्य नियुक्तियां

**जबलपुर**- सर्जना यादव सीईओ जिला पंचायत सीहोर
**रीवा**- वैशाली जैन रतलाम जिला पंचायत सीईओ
**ग्वालियर डबरा**- दिव्यांशु चौधरी डिंडोरी जिला अपर कलेक्टर
**बुरहानपुर**- सृजन वर्मा जिला पंचायत सीईओ
**अनूपपुर**- अर्चना कुमारी अपर कलेक्टर + जिला पंचायत सीईओ
**शहडोल**- शिवम प्रजापति जिला पंचायत सीईओ
**श्योपुर**- सौम्या आनंद अपर कलेक्टर + जिला पंचायत सीईओ
**मंडला**- आकिप खान पिपरिया (नर्मदापुरम) एसडीएम
सिवनी- पंकज वर्मा पुनासा (खंडवा) एसडीएम

# प्रदेश की 10 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज डिफॉल्टर घोषित

**भोपाल, 28 सितम्बर.** देशभर में 54 निजी यूनिवर्सिटीज को डिफॉल्टर घोषित किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश की 10 यूनिवर्सिटीज शामिल हैं. यूजीसी के अनुसार ये यूनिवर्सिटीज छात्रों के लिए जरूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपडेट नहीं कर रही हैं. यूनिवर्सिटीज को अपनी वेबसाइट पर सर्च विकल्प सहित प्रमाणित दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन पालन नहीं हुआ.

# पिता ने बेटी की हत्या कर शव नदी में फेंका

**मुरैना.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र शिवनगर निवाशी दिव्या की गोली लगने से हुई मौत के बाद परिजनों ने रात में ही शव को नदी में फेंका दिया. जिससे किसी को घटना का कोई पता न लग सके, लेकिन परिजनों के छुपाए गए सारे राज एक कॉल ने उजागर कर दिए. सिविल लाइन थाना पुलिस को एक अनजान नंबर से एक कॉल आया. सूचना यह दी गई थी कि शिव नगर निवासी बंटू सिकरवार के घर से चार दिन पहले यानि कि गोली की आवाज सुनाई दी. उसके बाद से ही उनकी 19 वर्षीय बेटी दिव्या सिकरवार नजर नहीं आ रही है. सूचना के तुरंत बाद ही पुलिस एक्टिव हुई और सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन शुक्ला ने तत्काल शिव नगर स्थित बंटू सिकरवार के घर पहुंच कर देखा तो घर खाली था. सिर्फ बंटू सिकरवार घर में मौजूद था. जिसे पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ.





| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| SPLENDOR+ | ~~₹79 826~~ ₹73 589# | ₹6 237 |
| Destini 125 | ~~₹83 868~~ ₹77 315# | ₹6 553 |

+ विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs + प्रतिदिन EMI ₹69$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini 125 in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो, 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14